Dainik Bhaskar (Indore), 04th November 2010, Page-4

# आईआईटी को आज जगह देगी यूनिवर्सिटी

इंदौर | यूनिवर्सिटी गुरुवार को आईआईटी इंदौर को और जगह दे देगा। दरअसल आईआईटी की शुरुआत ही आईईटी द्वारा दी गई जगह पर हुई है। अब आईआईटी को जगह की कमी पड़ रही है, इसलिए उसकी मांग थी कि समझौते के अनुसार बची हुई जगह दी जाए। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने बताया आईईटी डायरेक्टर डॉ. मनोहर चांदवानी को निर्देश दिए हैं कि वे आईआईटी इंदौर गुरुवार को ही जगह दे दें।